लोक भवन,मध्यप्रदेश

भारत सरकार द्वारा पंजीकृत क्र. U80300MH2021NPL369101

मैं भारत हूँ फाउंडेशन

भारतीय संस्कृति की ओर अग्रसर

जय भारत! जय भारत! जय भारत!

०५ जनवरी २०२६

श्री श्याम सिंह राणा
पशुपालन मंत्री, हरियाणा
पशुधन भवन, सेक्टर-२,
पंचकूला, हरियाणा,
भारत - १३४१०९

विषयः 'गौ माता' राष्ट्रमाता बनें
संदर्भः भारत का एक राज्य हरियाणा में
गौमाता को राजमाता का सम्मान प्राप्त हो

जय भारत!
भारतीय संस्कृति में गौ माता को प्रथम दृष्ट्या पूजित व सम्मान दिया जाता है, कारण यह है कि 'गौ माता' से मिले चरणामृत दूध, दही, मूत्र, गोबर इत्यादि इंसानों के साथ प्राकृतिक संवर्धन के लिए भी उत्तम होता है।
निवेदन यह है कि **'गौ माता'** को **हरियाणा** में **'राजमाता'** का सम्मान दिया जाए, ताकि हम - भारतीयों को आत्मिक प्रसन्नता हो।
हमें विश्वास है कि आपके द्वारा हमारे निवेदन पर जरूर ध्यान दिया जाएगा।
जय भारत! जय गौ माता!

निवेदक … **प्रकल्प प्रमुख** …

और विश्व में फैले भारतीय...

आव्हानः 'एक राष्ट्र-एक नाम 'भारत'

राष्ट्रीय कार्यालयः बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400059
फोन : 022-28509999, ईमेल : mainbharathunfoundation@gmail.com, वेबसाइट : www.mainbharathun.co.in

◆ कोलकाता कार्यालय ◆ १५/१, शोभाराम बैसाख स्ट्रीट, १ तल्ला, महेश्वरी बालिका स्कूल के सामने, आलू पोस्ता के पास, बड़ाबाजार, कोलकाता, प. बंगाल, भारत- 700007 फोन : 033-71481571
◆ उड़ीसा कार्यालय ◆ सुरेश मुंदड़ा, नौपाड़ा, पो. खेतराजपुर, जिला-संबलपुर, उड़ीसा भारत- 768003 मो. 9437061411
◆ न्यू जर्सी ◆ 40 न्यूपोर्ट पार्कवे, अपार्टमेंट 3115, जर्सी सिटी, न्यू जर्सी- 07310 ईमेलः Nihal.b.jain@gmail.com Jain.nihal98@gmail.com
◆ यूएसए ◆ 5501 रीजेंसी ड्राइव, शुगर लैंड, मेट्रो ह्यूस्टन, TX, यूएसए- 77479 फोनः +1-919-610-7106 (USA) ईमेलः mundra.arun@gmail.com
◆ यूनाइटेड किंगडम ◆ 76 गेड़नेय एवेन्यू, लीसेस्टर, LE4 7GT, यूके फोनः + 44 7703827595 ईमेलः kishorjain@hotmail.co.uk

हरियाणा के पशुपालन कार्यालय से जवाब आया है

ईमेल
क्रंमाक 12540 जी0डी0ओ0 दिनांक 20/04/2026

प्रेषक

महानिदेशक,
पशुपालन एवम् डेयरिंग विभाग,
हरियाणा, पंचकूला।

प्रेषित

मैं भारत हूँ फाउंडेशन,
ईमेलः-mainbharathufoundation@gmail.com,

विषयः 'गौ माता' राष्ट्रमाता बने संदर्भः भारत का एक राज्य हरियाणा में गौमाता को राजमाता का सम्मान प्राप्त हो।

यादि,

उपरोक्त विषय के सम्बध में आपको सूचित किया जाता है कि विषय वर्णित मामले पर कार्यवाही करना इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र में नही है यह आपको सूचनार्थ प्रेषित है।

कृतेः महानिदेशक, पशुपालन एवम् डेयरी विभाग,
हरियाणा, पंचकूला।

भारत सरकार द्वारा पंजीकृत क्र. U80300MH2021NPL369101

मैं भारत हूँ फाउंडेशन

भारतीय संस्कृति की ओर अग्रसर

जय भारत! जय भारत! जय भारत!

१३ नवंबर २०२५

श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
दिल्ली सचिवालय, ३ स्तर,
आईपी एस्टेट, नई दिल्ली,
भारत - ११०००२

विषयः 'गौ माता' राष्ट्रमाता बनें
संदर्भः भारत का एक राज्य दिल्ली में
गौमाता को राजमाता का सम्मान प्राप्त हो

जय भारत!
भारतीय संस्कृति में गौ माता को प्रथम दृष्ट्या पूजित व सम्मान दिया जाता है, कारण यह है कि 'गौ माता' से मिले चरणामृत दूध, दही, मूत्र, गोबर इत्यादि इंसानों के साथ प्राकृतिक संवर्धन के लिए भी उत्तम होता है।
निवेदन यह है कि **'गौ माता'** को दिल्ली में **'राजमाता'** का सम्मान दिया जाए, ताकि हम भारतीयों को आत्मिक प्रसन्नता हो।
हमें विश्वास है कि आपके द्वारा हमारे निवेदन पर जरूर ध्यान दिया जाएगा।
जय भारत! जय गौ माता!

निवेदक … **प्रकल्प प्रमुख** …

और विश्व में फैले भारतीय...

आव्हानः 'एक राष्ट्र-एक नाम 'भारत'

राष्ट्रीय कार्यालयः बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400059
फोन : 022-28509999, ईमेल : mainbharathunfoundation@gmail.com, वेबसाइट : www.mainbharathun.co.in

दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से जवाब आया है

CM DELHI cmdelhi@nic.in via nic.in — Thu, Nov 13, 2025, 2:55 PM
to min-Law-Labour-Emp-Dev.-ACL-Tourism, me

Sir,
This email has been received on Hon'ble Chief Minister's Delhi official email ID and pertaining to department under the jurisdiction of The Hon'ble Minister. It is being forwarded to your office for your kind perusal & further necessary action.

Regards,
Office of the Chief Minister, Delhi

bijay jain — Mon, Apr 20, 2:29 PM (21 hours ago)
Please provide a reply to the above email. We have been waiting for a response for almost 5 months. Thank you

CM DELHI via nic.in — Mon, Apr 20, 5:30 PM (18 hours ago)
to Minister, me

Sir,
kindly refer the trail mails, the sender has mentioned that no action has been taken by the concerned officer/ official till date. Therefore, it is requested to look into the matter and take further necessary action.

Regards,
Office of the Chief Minister, Delhi

भारत को केवल BHARAT ही बोला जाए अभियान में क्या आप सहयोग देना चाहते हैं तो संपर्क करें-9322307908

Follow for more updates
https://www.instagram.com/mainbharathun_?

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
https://www.instagram.com/mainbharathun_?

भारत को 'BHARAT' ही बोलेंगे
जय भारत! जय-जय राजस्थान
Remove INDIA Name From The Constitution

सेवा, साधना, समर्पण और संस्कारों की जीवंत मिसाल -सुभाषचंद रांका

राजस्थान की पावन मरुधरा में जन्मे, सेवा, संस्कार और समर्पण की सजीव प्रतिमूर्ति श्री सुभाषचंदजी रांका (भामाशाह संघवी सेठ कन्हैयालालजी रांका व श्रीमती सुन्दरबाई रांका के सुपुत्र) आज समाज, धर्म और मानवता के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हैं। आपका जन्म वर्ष १९४६ में पुणे (ननिहाल) में हुआ, जबकि आपकी पैतृक जन्मभूमि राजस्थान के पाली जिले का 'जैतारण' है। आपकी कर्मभूमि 'चेन्नई' रही, जहाँ आपने अपने परिश्रम, दूरदृष्टि और ईमानदारी से एक सफल व्यवसायिक यात्रा का निर्माण किया। आपने B.Sc. की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात ऑटोमोबाइल क्षेत्र में प्रशिक्षण लिया और तत्पश्चात अपने स्वयं के प्रतिष्ठान 'Subhash Auto Enterprises' की स्थापना की, जो आपकी मेहनत और नेतृत्व का सशक्त उदाहरण है। आपके पूज्य माता-पिता संघवी सेठ श्री कन्हैयालाल जी रांका एवं श्रीमती सुंदरबाई रांका के संस्कारों ने आपके जीवन को सेवा, सहयोग और समाजहित की दिशा दी।

भामाशाह संघवी सेठ कन्हैयालालजी रांका

श्रीमती सुन्दरबाई रांका

के. सुभाषचंदजी रांका
वरिष्ठ समाजसेवी व उद्योगपति
जैतारण निवासी-चेन्नई प्रवासी
भ्रमणध्वनि: 9384602854

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई के सहयोग से आपका परिवार आज एक सुदृढ़ और संस्कारित परिवार के रूप में प्रतिष्ठित है। आपके ६ सुपुत्रियाँ एवं १ सुपुत्र हैं, जो परिवार की गरिमा को आगे बढ़ा रहे हैं।

मंदिर व दादावाड़ी निर्माण वैयावच्च सेवा एवं धार्मिक आयोजनों में आपकी सक्रिय भूमिका अत्यंत सराहनीय है। विशेष रूप से शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में योगदान, गौशालाओं के प्रति समर्पण तथा नारी सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयासरत हैं। आपके सेवा कार्यों को समाज में अत्यंत सम्मान प्राप्त है।

सम्मान एवं अलंकरण-आपको विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है:

राजस्थानी एसोसिएशन, तमिलनाडु द्वारा –'राजस्थान रत्न', ब्यावर एसोसिएशन चेन्नई द्वारा– 'ब्यावर रत्न', श्री जैतारण ओसवाल जैन संघ, चेन्नई द्वारा – 'शताब्दी गौरव' ये सम्मान आपके समाज के प्रति अतुलनीय योगदान का प्रतीक हैं। आप अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थाओं में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं और वर्तमान में भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं।

मिश्रीमल नवाजी मुनोत जैन इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर कॉलेज के पूर्व वित्त निदेशक, डी.बी. जैन कॉलेज के काउंसिल सदस्य, जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक मुख्य संरक्षक, महावीर राजस्थानी इंटरनेशनल स्कूल के उपाध्यक्ष, वर्ल्ड वेज काउंसिल उपाध्यक्ष के पूर्व उपाध्यक्ष, श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष, राजस्थानी एसोसिएशन व ब्यावर एसोसिएशन के प्रबंध न्यासी, श्री महावीर जैन इंटरनेशनल मिशन के न्यासी एवं पूर्व अध्यक्ष, सेठ रतनचंद कन्हैयालाल रांका जैन नेत्र चिकित्सालय के न्यासी, वर्धमान जैन शिक्षण संघ, ब्यावर व गुरुप्रिया विज़न रिसर्च फाउंडेशन के ट्रस्टी, के. एस. रांका जैन फाउंडेशन व सेठ कन्हैयालाल सुंदरबाई रांका जैन चैरिटेबल के चेयरमेन, काइंड इंस्टिट्यूट के ट्रस्टी, प्लेटिनम भावांजलि ट्रस्ट, श्री जैन सहायक समिति, जैतारण पट्टी ओसवाल संघ व अन्य २० विशिष्ट संस्थाओं से जुड़े हैं। आपका नेतृत्व, मार्गदर्शन और समर्पण अनेक संस्थाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सुभाष जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं, जैतारण एक तहसील है, जिसके अंतर्गत १४४ गांव आते हैं, पहले यह 'झंडेवाला' गांव के नाम से विख्यात था, पंचायत होती थी, यहां पर मरुधर केसरी मिश्रीमल जी की मोक्षस्थली पावन धाम और रुपमुनि जी महाराज की मोक्षस्थली रजत धाम है। यहां पानापाती ट्रस्ट के अंतर्गत रोटरी क्लब के तत्वाधान में सेठ रतनचंद कन्हैयालाल रांका नेत्र चिकित्सालय, वेटरिनरी हॉस्पिटल और बालिका विद्यालय एवं लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया।, अस्पताल की स्थापना १९८४ में की गई थी और २००२ से इस अस्पताल में जरूरतमंदों को कम खर्चे में ऑपरेशन कर इलाज किया जाता है, आसपास के लगभग ढाई सौ किलोमीटर के क्षेत्र से लोग यहां इलाज के लिए आते हैं, हर साल लगभग ८००० आंखों के ऑपरेशन होते हैं, यह जैन समाज की सबसे बड़ी संस्था मानी जाती है। जैतारण ओसवाल जैन संघ चेन्नई के द्वारा श्री भगवान महावीर जैन गौशाला का निर्माण किया गया, पिछले कुछ वर्षों में यहां ४६०० गुंदे के पौधे लगाये गए व तीन बोरवेल का निर्माण किया गया है। यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही उत्तम है, हर धर्म समाज के लोग बसे हुए हैं, यहां तीन जैन मंदिर है, जिसका जिर्णोद्धार करवाया गया है। स्मशान भूमि भी बनायी गयी है। जैन मंदिरों में **शेष पृष्ठ ३३ पर...**

पृष्ठ ३२ से... तीन जैन मंदिर और एक दादावाड़ी है, जिसमें सबसे प्राचीन मंदिर तीर्थंकर विमलनाथ जी का शिखरबद्ध मंदिर है, जो लगभग ४५० वर्ष पुराना है। दादावाड़ी में हमारे परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई है। पहले के मुकाबले 'जैतारण' बहुत विकसित हो चुका है, सरकार द्वारा माध्यमिक व कन्या विद्यालय व महाविद्यालय संचालित है। आर्थिक रूप से भी 'जैतारण' उत्तम है, यहां की अनाज मंडी व जीरा मंडी प्रसिद्ध है, इसके अलावा 'जैतारण' के आसपास तीन सीमेंट फैक्ट्रियां भी बन गई हैं, सरकार द्वारा यहां रेलवे लाइन लाने का भी प्रयास किया जा रहा है। 'जैतारण' में जैन मंदिर के अलावा कई सनातन समाज के मंदिर और गौशालाएं भी है। 'जैतारण' से कई डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, उद्योगपति, सांसद, विधायक, मंत्री हुए हैं, जो देश के विभिन्न भागों में बसे हैं और 'जैतारण' का नाम रोशन कर रहे हैं ऐसी और भी कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' की....

गाय को 'राष्ट्र माता' का सम्मान निश्चित रूप से मिलना ही चाहिए, यही हमारी संस्कृति और विरासत है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि बिल्कुल हमारे देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, 'भारत' हमारी पहचान है।

जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

धर्मीचंद मुथा

व्यवसायी व समाजसेवी

जैतारण निवासी-चेन्नई प्रवासी

भ्रमणध्वनि: 9710338800

धर्मीचंद जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' के विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले 'जैतारण' एक गांव जैसा था, आज शहर की तुलना करने लगा है, जहां हर तरह की सुविधा और व्यवस्थाएं हैं। आवागमन के अच्छे साधन हैं, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल की संख्या अच्छी हो गई है, यहां का बाजार भी बहुत अच्छा है, विशेषकर 'जीरा' के लिए जाना जाता है। 'जैतारण' का सामाजिक माहौल भी उत्तम है, हर समाज के लोग बसे हैं, लोगों में आपसी मेल-मिलाप अच्छा है। यहां जैन समाज के भी कई मंदिर और स्थानक बने हुए हैं, समाज द्वारा यहां विद्यालय व आय हॉस्पिटल भी संचालित है। 'जैतारण' विशेष रूप से 'पावन धाम' के लिए जाना जाता है, जहां दर्शन के लिए पूरे भारत से लोग आते हैं, यहां लोगों के ठहरने और रहने की उत्तम व्यवस्था है। 'जैतारण' में कई देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं। 'जैतारण' की सबसे बड़ी गौशाला श्री महावीर गौशाला है, जिसमें ओसवाल संघ द्वारा ५००० से भी अधिक गुंदा के पेड़ लगाए गए हैं और भी कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में.....

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए, गाय की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का एक नाम रहना चाहिए 'भारत'!

धर्मीचंद जी मूलतः 'जैतारण' के निवासी हैं। आपका जन्म व सम्पूर्ण शिक्षा 'चेन्नई' में संपन्न हुई है। यहां आभूषणों के कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही कई सामाजिक संगठनों से सक्रिय है। आनंद जैन विद्यालय चेन्नई और जैतारण ओसवाल जैन संघ चेन्नई में विशेष रूप से सक्रिय रहते हैं। जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

सुमतिलाल जैन साकलेचा

व्यवसायी व समाजसेवी

जैतारण निवासी-सिंधनुर प्रवासी

भ्रमणध्वनि: 9019721637

सुमतिलाल जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के 'जैतारण' में बहुत अंतर आ गया है, पहले के मुकाबले इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत विकसित हुआ है, आज हर तरह की सुविधाएं हैं, आवागमन के अच्छे साधन हैं, रोजगार की भी उपलब्धता बढ़ गई है, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल की संख्या बढ़ गई है और यह सब बदलाव का मुख्य कारण है 'पावन धाम', जो मरुधर केसरी मिश्रीमल जी म.सा. की मोक्षस्थली है, यहां पूरे भारत से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, यहां लोगों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है, यह आस्था का मुख्य केंद्र बन गया है, सामाजिक दृष्टिकोण से भी 'जैतारण' बहुत ही उत्तम है, हर समाज के लोगों के बीच आपसी मेल-मिलाप अच्छा है, यहां जैन समाज के मंदिर, स्थानक, छात्रावास और गौशालाएं भी हैं, सनातन धर्म के बाबा रामदेव जी का मंदिर व अन्य कई देवी-देवताओं के मंदिर हैं। 'जैतारण' नेशनल हाईवे से जुड़ा होने के कारण यहां के विकास को गति प्राप्त हुई है। आज जैन समाज के अधिकतर लोग रोजगार के लिए बाहर जाकर बस गए हैं, ऐतिहासिकता की बात की जाए तो 'जैतारण' में प्राचीन समय की हवेलियां, बावड़ियां और छतरियां हैं। 'जैतारण' की अनाज मंडी और जीरा मंडी आसपास के क्षेत्रों में सबसे बड़ी है, ऐसी और कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में....

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान निश्चित रूप से मिलना चाहिए, गाय हमारे लिए पूजनीय है उनकी सेवा और सुरक्षा जरूरी है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का एक ही नाम रहना चाहिए 'भारत'!

सुमतिलाल जी मूलतः राजस्थान स्थित 'जैतारण' के निवासी हैं। आपका जन्म व सम्पूर्ण शिक्षा कर्नाटक के 'सिंधनुर' में संपन्न हुई है, यहां आप चावल ट्रेडिंग के कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी यथासंभव सक्रिय रहते हैं, गुरु-भगवंतों की सेवा करना आपके जीवन का मुख्य उद्देश्य है।

जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

महेंद्र बजाज

व्यवसायी व समाजसेवी

जैतारण निवासी-इचलकरंजी प्रवासी

भ्रमणध्वनि: 9423040081

महेंद्र जी अपनी जन्मभूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'जैतारण' आज बहुत बदल चुका है, पहले यह छोटा सा गांव जैसा था, आज एक सुविधा संपन्न क्षेत्र बन गया है, जहां हर तरह की सुविधा आसानी से प्राप्त हो जाती है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बहुत अधिक हुआ है, स्कूल-कॉलेज-अस्पताल अच्छे बन गए हैं, पहले जहां सीमित विद्यालय ही थे, पर यह शिक्षा का हब था, आसपास के गांव के विद्यार्थी यहीं शिक्षा ग्रहण करने आते थे, आज कॉलेज भी बन गए हैं और स्टेडियम भी बनने जा रहा है, सभी तहसील अधिकारियों का कार्यालय 'जैतारण' में ही स्थित है। 'जैतारण' के अंतर्गत लगभग २० गांव आते हैं, यहां हर धर्म समाज के लोग बसे हुए हैं, सभी के बीच आपसी मेल-मिलाप अच्छा है। 'जैतारण' पहले जोधपुर रियासत के अंतर्गत आता था, आज 'जैतारण' में उद्योग व्यापार भी अच्छे होने लगे हैं, चार सीमेंट की कंपनियां है, जिसके कारण यहां का विकास बहुत तेजी से हो रहा है, कृषि क्षेत्र में भी यहां जीरा, मूंग जैसी फसलों की पैदावार अच्छी होती है, इसीलिए यहां जीरा मंडी व अनाज मंडी भी है। धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह स्थान बहुत ही महत्व रखता है, सर्वप्रथम यह जैन समाज के लिए मुख्य धार्मिक केंद्र है, मरुधर केसरी मिश्रीमल जी म.सा. की मोक्षस्थली है, जहां पावन धाम बना हुआ है, जो बड़े भूभाग में फैला है, इस पावन धाम में अस्पताल, गौशाला व रहने की उत्तम व्यवस्था है, वर्षभर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। हिंदू देवी-देवताओं के भी कई मंदिर हैं, शीतला माता मंदिर के पास एक तालाब है, जो मान्यता प्राप्त मंदिर है इसके अलावा भी कई देवी-देवताओं के मंदिर है। 'जैतारण' में कई गौशालाएं हैं जो 'जैतारण' को और भी सुंदर बना देते हैं, इसके अलावा कई प्राचीन चीजें हैं और भी कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में...

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए, गाय हमारे लिए ईश्वर के समान है, उनकी पूजा की जाती है, इसीलिए उनकी सेवा सुरक्षा जरूरी है। 'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का एक नाम, एक पहचान रहनी चाहिए 'भारत'!

महेंद्र जी मूलतः राजस्थान के ब्यावर जिले में स्थित 'जैतारण' के निवासी हैं। आपका जन्म व शिक्षा 'जैतारण' में ही संपन्न हुई है। १९७२ से आप महाराष्ट्र के 'इचलकरंजी' में बसे हैं और कपड़ा व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही यथासंभव सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहते हैं। जय गौमाता! जय भारत!

-मेरा राजस्थान

सूर्य प्रकाश नाबरिया

उपाध्यक्ष अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ आंध्रा अंचल

जैतारण निवासी-हैदराबाद प्रवासी

भ्रमणध्वनि: 9848035120

सूर्य प्रकाश जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के 'जैतारण' में काफी अंतर आ गया है। विकास बहुत तेजी से हुआ है, हर तरह की सुविधाएं मिलने लगी हैं, आवागमन के साधन अच्छे हो गए हैं, इंडस्ट्रीज भी स्थापित है। यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही उत्तम है, हर समाज के लोग बसे हुए हैं, यहां की सबसे बड़ी विशेषता यह श्रमण सूर्य, दिव्य विभूति, गुरूदेव, प्रवर्तक मरूधर केसरी परम पुज्य श्री मिश्रीमलजी म.सा. एवं लोकमान्य सन्त, शेरे राजस्थान, अहिंसा दिवाकर, राष्ट्रसंत, प्रज्ञा-प्रौरूषोतम, वरिष्ठ प्रवर्तक परम पुज्य गुरुदेव श्री रूपचन्द जी म.सा. की मोक्ष स्थली है, जो पावन धाम के नाम से जानी जाती है। इसके अलावा यहां जैन समाज के कई मंदिर, स्थानक, दादावाड़ी व धर्मशालाएं हैं, सनातन समाज में कई देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जिनमें शीतला माता जी का मंदिर उल्लेखनीय है, पीर नाडी है, प्राचीन समय के यहां गढ़, किले, हवेलियां भी हैं, ठाकुरों का गढ़ आज के समय में पुलिस चौकी है। कहते हैं कि यह गांव 'जैता गुजरी' नामक स्त्री द्वारा बसाया गया है। आर्थिक दृष्टिकोण से भी आज 'जैतारण' बहुत ही उत्तम है, यहां कृषि के साथ-साथ छोटे-छोटे इंडस्ट्रीज में स्थापित हैं और भी कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में.....

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए, गाय से मिलने वाली प्रत्येक वस्तु हमारे लिये बहुत ही उपयोगी होती है, इसलिए गायों की सुरक्षा और सेवा जरुरी है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का नाम एक ही रहना चाहिए 'भारत'!

सूर्य प्रकाश जी मूलतः राजस्थान के ब्यावर जिले में स्थित 'जैतारण' के निवासी हैं, आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'जैतारण' में ही संपन्न हुई है, हैदराबाद में केमिकल का व्यापार से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहते हैं। श्री गुरु गौतम विमल शांति गौशाला के ट्रस्टी हैं, जो २३ सदस्य द्वारा संचालित है, वर्तमान में इस गौशाला में ९० गाय हैं। श्री जैन श्रावक संघ कोरा के कार्याध्यक्ष व साधुमार्गी जैन संघ आंध्रा अंचल के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

जय गौमाता! जय भारत!

-मेरा राजस्थान

ध्वज रंगीला गाय का, लहर-लहर लहराय। धर्म सनातन कहता यही, देखे मन हर्षाय।।
'गौमाता बनें राष्ट्रमाता' अभियान को समर्थन दिया जाय।।।

राष्ट्रमाता बनें
निवेदकः मैं भारत हूं फाउंडेशन

मेरा राजस्थान
राजस्थानियों के विचारों के साथ समस्त समाज को एकजुट करने वाली एकमात्र पत्रिका

डॉ. भीकमचंद साकलेचा

बाल रोग विशेषज्ञ
जैतारण निवासी-बेंगलुरु प्रवासी
भ्रमणध्वनिः 9845023991

भीकमचंद जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि प्राकृतिक रूप से 'जैतारण' बहुत ही सुंदर और रमणीय स्थान है, जहां जाकर मन प्रसन्नचित हो जाता है। पहले और आज के 'जैतारण' में काफी अंतर आ गया है, लोगों के रहन-सहन में काफी सुधार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हुआ है, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल की संख्या बढ़ गई है। आवागमन के साधन बढ़ गए हैं। आज 'जैतारण' में जैन मंदिर, स्थानक भी है। नेत्र चिकित्सालय भी बहुत बढ़िया है। आसपास के क्षेत्र से भी लोग यहां इलाज के लिए आते हैं, यहां की सबसे बड़ी विशेषता मरुधर केसरी मिश्रीमल जी की मोक्षस्थली 'पावन धाम' है, जहां लोगों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है। पूरे भारत से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। 'जैतारण' में कई गौशालाएं भी संचालित हैं, ऐसी कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में....

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य प्राप्त होना चाहिए, उनकी सेवा सुरक्षा जरूरी है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि 'भारत' हमारे देश का मूल नाम है, जो सदियों से हमारी पहचान रही है, पर आज इंडिया हमारे जीवन में रचा बसा है, जिसे निकालना जरूरी है और यह कार्य सरकार द्वारा ही संभव किया जा सकता है।

भीकमचंद जी 'जैतारण' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण प्रारंभिक शिक्षा कर्नाटक के 'सिंधनुर' में संपन्न हुई है, उच्च शिक्षा आपने 'बेंगलुरु' में संपन्न की है, यहां आप ५० सालों से बसे हुए हैं और बाल रोग चिकित्सक के रूप में प्रसिद्ध हैं, साथ ही आप समाज कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। हीरा बाग जैन स्थानक व जैन महासंघ के अध्यक्ष पद पर सक्रिय हैं, जरूरतमंदों की सेवा उपलब्ध कराना, साधु संतों की सेवा और आहार विहार की व्यवस्था करना अपना मुख्य कर्तव्य मानते हैं। जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

दिलीप नाबरिया

सचिव जैतारण ओसवाल संघ तमिलनाडु
जैतारण निवासी-चेन्नई प्रवासी
भ्रमणध्वनिः 9841061839

दिलीप जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं की उल्लेख करते हुए कहते हैं कि आज 'जैतारण' बहुत ही विकसित है, आज से ५० साल पहले की बात की जाए तो बिजली की भी सुविधा नहीं थी, आवागमन के साधन सीमित थे, पर आज हर तरह की सुविधाएं हैं, जब भी जाते हैं बहुत ही अच्छा अनुभव प्राप्त होता है, एक सुखद वातावरण मिलता है, यहां का सामाजिक माहौल बहुत उत्तम है, लोग सहयोगी और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं, यहां समस्त राजस्थानी समाज निवास करता है, जैन समाज के सभी संप्रदाय यहां बसे हुए हैं, यहां की सबसे बड़ी विशेषता यहां का मरुधर केसरी मिश्रीमल जी की मोक्षस्थली है, जो 'पावन धाम' के नाम से जानी जाती है, जहां पूरे भारत से दर्शन के लिए आते हैं, इसके अलावा चार जैन मंदिर और दादावाड़ी भी बनी हुई है, तीर्थंकर विमलनाथ जी का मंदिर सबसे प्राचीन और प्रमुख माना जाता है जो हजार साल से भी अधिक प्राचीन है। सनातन देवी-देवताओं के भी कई मंदिर हैं, यहां के हर मोहल्ले में भेरुजी का मंदिर बना हुआ है, शीतला माता जी का मंदिर, हनुमान जी का मंदिर, गणेश जी का मंदिर भी बना हुआ है, शीतला माता जी की विशेष मान्यता है, यहां प्राचीन समय की हवेलियां भी हैं, जिनमें छल्लानी जी की हवेली अधिक सुंदर है, इसके अलावा प्राचीन समय का किला है, जिसके परकोटे आज भी मौजूद हैं और एक दरवाजा भी है। 'जैतारण' आज एक तहसील है, जो ब्यावर जिले के अंतर्गत आता है, जहां हर तरह की सरकारी सुविधा उपलब्ध है और सरकार द्वारा यहां रेलवे के लिए भी बजट पास किया गया है। वर्तमान में यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन बर और रायपुर है। 'जैतारण' नेशनल हाईवे से भी जुड़ा हुआ है। आर्थिक रूप से भी 'जैतारण' समृद्ध है, यहां की जीरा मंडी सबसे अधिक विख्यात है, पिछले कुछ सालों में यहां १५ किलोमीटर के दायरे में चार-पांच सीमेंट फैक्ट्रियां भी लगी हैं, जिससे यहां के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है, वर्तमान राज्य मंत्री अविनाश गहलोत जी का बड़ा सहयोग प्राप्त हो रहा है। 'जैतारण' में कई गौशालाएं हैं, जैन समाज द्वारा भी यहां गौशाला संचालित है, जो श्री महावीर जैन गौशाला के नाम से विख्यात है, ऐसी और कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में.....

जैतारण ओसवाल संघ तमिलनाडु के प्रबंधन के तहत हमने जैतारण स्थित महावीर गौशाला में ४००० पेड़ लगाए हैं, जो पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, पूरी तरह से विकसित होने पर 'जैतारण' के आसपास के क्षेत्रों का समग्र तापमान २ से ३ डिग्री तक कम कर देंगा।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए।

दिलीप जी का जन्म सम्पूर्ण शिक्षा 'चेन्नई' में संपन्न हुई है, यहां कारोबार से जुड़े हैं, साथ कई सामाजिक संगठनों में भी सक्रिय हैं। 'जैतारण' स्थित महावीर गौशाला के सचिव पद पर कार्यरत हैं। लॉयंस क्लब व अन्य कई सामाजिक संगठन से जुड़े हैं। जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

गोशाला में झण्डे लगे, गो-माता हर्षाय। करें गाय की वंदना, गाय बढ़ाती आय।।
'गौमाता बनें राष्ट्रमाता' अभियान को समर्थन दिया जाय।।।

भारत को केवल BHARAT ही बोला जाए अभियान में क्या आप सहयोग देना चाहते हैं तो संपर्क करें-9322307908

मैं भारत हूं फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए

Follow for more updates
https://www.instagram.com/mainbharathun_?

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
https://www.instagram.com/mainbharathun_?

सुभाषचंद तालेड़ा

अध्यक्ष श्री वर्धमान स्था. जैन श्रावक संघ कुकनूर

जैतारण निवासी-कुकनूर प्रवासी

भ्रमणध्वनि: 9448440478

सुभाष जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'जैतारण' से ३०किलोमीटर 'चावंडिया' गांव मेरा मूल निवास स्थान है, जो 'जैतारण' तहसील के अंतर्गत आता है, पहले और आज के 'जैतारण' में काफी अंतर आ गया है 'जैतारण' विशेषकर मरुधर केसरी मिश्रीमल जी की मोक्षस्थली पावन धाम के लिए जाना जाता है, जो पूरे भारत में विख्यात है, यहां लोग दर्शन के लिए आते हैं, यहां रहने-ठहरने की उत्तम व्यवस्था है। यहां का सामाजिक माहौल उत्तम है, हर धर्म व समाज के लोग बसे हैं, पहले और आज के 'जैतारण' में काफी विकास हुआ है, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल की व्यवस्था बढ़ गई है, आवागमन के साधन अच्छे हो गए हैं, हमारे 'चावंडिया' में भी जैन स्थानक हैं, 'जैतारण' में कई गौशालाएं भी हैं और भी कई व्यवस्थाएं हैं 'जैतारण' की... गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए, गाय की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, हमारे देश के वास्तविकता और इतिहास है।

सुभाष जी मूलतः राजस्थान के 'जैतारण' तहसील में स्थित 'चावंडिया' गांव के निवासी हैं, आपका जन्म व सम्पूर्ण शिक्षा कर्नाटक के कोप्पल जिले में स्थित 'कुकनूर' में संपन्न हुई है। यहां आप कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहते हैं, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कुकनूर के अध्यक्ष हैं। जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

सुदर्शनचंद छल्लाणी

पूर्व अध्यक्ष जैतारण ओसवाल संघ-चेन्नई

जैतारण निवासी-चेन्नई प्रवासी

भ्रमणध्वनि: 9840057333

सुदर्शनचंद जी अपनी पैतृक भूमि 'जैतारण' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि मेरे बचपन का 'जैतारण' बहुत ही उत्तम था, लोगों में आत्मीयता थी, एक दूसरे के प्रति सहयोग आदर्श और मनोहर होता था, पर आज यह सब कम हो गया है, पहले का 'जैतारण' सीमित क्षेत्रफल में बसा हुआ था, आज यह बहुत बड़े भूभाग में फैल गया है। 'जैतारण' जयपुर-जोधपुर नेशनल हाईवे पर स्थित है, जोधपुर से लगभग १०० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन 'बर' है जो सबसे पुराना है। 'जैतारण' का सामाजिक माहौल उत्तम है, ३६ कौम के लोग बसे हुए हैं, लोगों में आपसी मेल मिलाप अच्छा है। धार्मिक दृष्टिकोण से भी 'जैतारण' उत्तम है, यहाँ मरुधर केसरी मिश्रीमल जी म.सा. की मोक्षस्थली है और रूप मुनि जी महाराज की मोक्षस्थली भी यहीं पर स्थापित है, जो पावन धाम के नाम से जानी जाती है और दोनों ही स्थान एक ही परिसर में है, यह बहुत ही भव्य रूप में बना हुआ है, बाग बगीचे बने हुए हैं, लोगों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है, इसीलिए विभिन्न क्षेत्रों से स्थानकवासी जैन समाज के लोग यहां दर्शन करने के लिए आते हैं। 'जैतारण' में कई जैन मंदिर हैं, यहां समय-समय पर चातुर्मास भी होता है। प्राचीन समय की यहां गढ़ हवेलियां भी हैं। 'जैतारण' पर किसी भी ठाकुर या राजा का आधिपत्य नहीं रहा, इसीलिए इसे झंडे वाला गांव के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि 'जैतारण' नाम 'जैत गुजरी' के नाम पर पड़ा, इसकी स्थापना १३५४ में हुई थी, यहां कई देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं, जो यहां की शोभा को और बढ़ा देते हैं। आर्थिक रूप से भी 'जैतारण' उन्नत है, आज यहां कई छोटी-बड़ी कंपनियां हैं, साथ ही यहां जीरे का कारोबार बड़े पैमाने पर होता है, बहुत बड़ी मंडी है। 'जैतारण' में कई गौशालाएं हैं और भी कई विशेषताएं हैं हमारे 'जैतारण' में.....

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए। गाय में देवी-देवताओं का वास होता है, उनकी पूजा होती है, उनकी सेवा और सुरक्षा जरूरी है।

भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, यही हमारे देश की वास्तविकता है।

सुदर्शन जी मूलतः राजस्थान स्थित 'जैतारण' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'कर्नाटक' में संपन्न हुई है, वर्तमान में आप 'चेन्नई' में बसे हुए हैं और कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं में भी सक्रिय हैं, लगभग ५० साल पहले 'जैतारण' निवासियों का संघ 'जैतारण पट्टी ओसवाल संघ-चेन्नई' की स्थापना में आपकी विशेष भूमिका रही है, आप अध्यक्ष भी रहे हैं, वर्तमान में विजय शांति जैन सहायक समिति के पिछले १२ सालों से अध्यक्ष पद की भूमिका निभा रहे हैं। जय गौमाता! जय भारत!

-मेरा राजस्थान

समस्त राजस्थानी समाज की एकमात्र पत्रिका
'मेरा राजस्थान' के सभी पाठकों को विश्वनाथ भरतिया परिवार
की तरफ से 'राजस्थान स्थापना दिवस' पर हार्दिक शुभकामनाएं!

भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए इंडिया नहीं

आइये हम सभी 'जय भारत' से अपने सुधिजनों का अभिवादन करें। जय भारत!

INDIA को भारतीय संविधान से विलुप्त किया जाए
INDIA GATE का नाम

Remove INDIA Name From The Constitution
'भारतवर्ष' लिखवायें

भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

जयप्रकाश पुरोहित
स्वीकृत नगर सेवक पुणे महानगरपालिका
बीकानेर निवासी-पुणे प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९४२२०८१६७८

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजस्थानी समाज के कर्मठ सदस्य कई वर्ष से सामाजिक व राजनिती में अग्रणी रहने वाले ४५ साल से अपना योगदान देनेवाले जयप्रकाश राधाकिशन पुरोहित को पुणे महानगरपालिका का स्वीकृत नगरसेवक पद सौंपा गया।
जयप्रकाश जी मूलतः राजस्थान स्थित 'बीकानेर' के निवासी हैं। आपका जन्म राजस्थान में, संपूर्ण शिक्षा 'पुणे' में संपन्न हुई है, यहां आप फार्मेसी और प्रॉपर्टी के क्षेत्र में कार्यरत हैं पर अपने पिता राधाकिशन की प्रेरणा और पारिवारिक वातावरण के कारण आपका राजनीतिक क्षेत्र में आना हुआ।
आपका कहना है कि ३० मार्च 'राजस्थान स्थापना दिवस' के उपलक्ष में 'मैं भारत हूं फाउंडेशन' के तत्वाधान में आयोजित 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम बहुत ही उत्तम रहा, लोगों का अच्छा प्रतिशाद मिला, यह एक ऐसा मंच है जो समस्त राजस्थानी समाज को एकत्रित करना चाहता है और आगे बढ़ाना चाहता है। हालांकि इस कार्यक्रम मेरी कुछ ही समय के लिए उपस्थिति रही, पर लोगों प्रतिक्रिया अच्छी रही, ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।
आयोजक और राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार द्वारा चलाया जा रहा 'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का एक ही नाम, एक ही पहचान रहनी चाहिए 'भारत' यह हमारे देश के वास्तविकता है, इंडिया तो अंग्रेजों का दिया नाम है तो वह हमारी पहचान कैसे बन सकता है?
गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान निश्चित रूप से मिलना ही चाहिए, हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार गाय को ही माना गया है, गाय की पूजा की जाती है, इसलिए उनकी सेवा और सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए। जय भारत! जय गौमाता! **-मेरा राजस्थान**

सुरेश लखोटिया
व्यवसायी व समाजसेवी
चूरू निवासी पुणे प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९८२३०९०४११

सुरेश जी मूलतः राजस्थान स्थित 'चूरू' के निवासी हैं। आपका जन्म और शिक्षा 'रांची' में संपन्न हुई है, पिछले ३० सालों से आप 'पुणे' में बसे हैं।
१९७६ में स्नातक होने के बाद आपने बिहार अलॉय स्टील लिमिटेड (MP बिड़ला समूह की एक कंपनी) में १२ वर्षों तक मार्केटिंग, योजना और खरीद (procurement) विभागों में काम किया। १९९१ में 'पुणे' में स्थापित 'एसआर ग्रुप' कंपनी, आज भारत की पहली पसंदीदा कंपनी है, जो भारत के स्टील, पेपर, एल्यूमिनियम और केमिकल उद्योग में उपयोग होने वाले कच्चे माल के निर्माण, प्रसंस्करण और आपूर्ति के लिए सक्रिय है। राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में ३० वर्षों तक विभिन्न उद्योगों का संचालन किया, जिसके माध्यम से आपने २००० परिवारों की आजीविका का ध्यान रखा। २०१० में CNBC आवाज़ द्वारा आपको 'सर्वश्रेष्ठ उद्यमी' (Best Entrepreneur) का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
माहेश्वरी सभा, पुणे के सदस्य हैं, MIG के अध्यक्ष रहे हैं, वर्तमान में MIG की LRPC के अध्यक्ष हैं। इंडियन फेरो अलॉय एसोसिएशन के सदस्य हैं।
आप एक अच्छे गायक हैं, विशेष रूप से भजन और गीत गाने में, संगीत वाद्ययंत्र विशेषकर कीबोर्ड बजाते हैं, अपने निवास और फैक्ट्री के आसपास सामाजिक गतिविधियों का आयोजन पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ करते हैं।
आपके परिवार में पत्नी मीना लखोटिया और ३ बेटियाँ - स्मृति, साक्षी और सृष्टि। सभी विवाहित हैं। पुत्र शुभम ने Disney World USA में काम करने के बाद, अब बिल्डरों के लिए वीडियो गेम बनाने का अपना व्यवसाय शुरू किया है।
सुरेश जी ३० मार्च को आयोजित 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम के संदर्भ में कहते हैं कि 'मैं भारत हूं फाउंडेशन' द्वारा आयोजित 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम एक विशेष कार्यक्रम रहा, जिसमें पुणे की समस्त राजस्थानी संस्थाओं ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। राजस्थानी कला, संस्कृति, गीत, संगीत का अनुपम संगम रहा, इस भव्य कार्यक्रम को आयोजित करने का जिम्मा बिजय कुमार जैन जी ने उठाया, वह सराहनीय है, ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए, इस कार्यक्रम में व्यवस्था और अच्छी हो सकती थी, सभी संगठनों को मिलकर कार्य करना चाहिए था, जिससे यह कार्यक्रम और अच्छा होता, पर सभी संस्था अपना-अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर चले जा रहे थे, ऐसा नहीं होना चाहिए था, दर्शकों की उपस्थिति का पता ही नहीं चल रहा था।
'मैं भारत हूं फाउंडेशन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार जैन द्वारा चलाए जाने वाला 'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि बहुत ही अच्छा अभियान है और ऐसा ही होना चाहिए, हमारे देश का एक ही नाम, एक ही पहचान रहनी चाहिए 'भारत'!
गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए, गाय हम सभी के लिए पूजनीय है, उनकी सेवा सुरक्षा जरूरी है। जय भारत! जय गौमाता!
-मेरा राजस्थान

जहाँ गाय रहती कहाँ, धर्म सदा ही संग। धर्म-ध्वजा फहरे वहाँ, नायें देख विहंग।।
गौ माता बनें राष्ट्रमाता अभियान के समर्थन का निवेदन।

रतनलाल गोयल
अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट
पानीपत निवासी-पुणे प्रवासी
भ्रमणध्वनि: 9422025049

३० मार्च २०२६ को 'राजस्थान स्थापना दिवस' के उपलक्ष में आयोजित 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम के संदर्भ में रतन गोयल जी कहते हैं कि यह बहुत ही अच्छा कार्यक्रम रहा, 'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' के तत्वाधान में, आयोजित 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम एक उच्चस्तरीय आयोजन के रूप में जाना और पहचाना जा रहा है, संपूर्ण राजस्थानी समाज को एकत्रित करने की अच्छी मुहिम है, अपनी कला संस्कृति और पहचान को बनाए रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए।

'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार जैन जी द्वारा किया जा रहा यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है, समाज सेवा के लिए वह आदर्श प्रस्तुत किया गया, आज हमारे समाज को ऐसे लोगों की बहुत जरूरत है, तभी हमारा समाज संगठित होकर आगे बढ़ेगा।

'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' INDIA नहीं, एक राष्ट्र-एक नाम केवल 'भारत' राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि निश्चित रूप से अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, इंडिया तो अंग्रेजों का दिया नाम है, हमारी पहचान भारत से थी और 'भारत' से ही रहनी चाहिए।

गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान निश्चित रूप से मिलना चाहिए, धार्मिक क्रियाकलापों व हमारे ग्रंथों में गाय को विशेष स्थान दिया गया है, उनकी पूजा की जाती है, इसीलिए गाय को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान अवश्य मिलना चाहिए।

रतनलाल जी मूलतः पानीपत, हरियाणा के निवासी हैं। आपका जन्म और शिक्षा यहीं संपन्न हुई है, पिछले कई वर्षों से आप 'पुणे' में बसे हैं और कारोबार से जुड़े रहे, वर्तमान में पूरी तरह से समाज कार्यों में सक्रिय हैं, पिछले १३ सालों से 'अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट' के माध्यम से अब तक २६१ विवाह संपन्न करवाए हैं। आपका 'गोयल मंगल कार्यालय' है, जिसमें विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाता है और इस दौरान भोजन पानी व अन्य व्यवस्था आपके द्वारा की जाती है, आप सामाजिक कार्यों में भी हमेशा सक्रिय रहते हैं। जय भारत! जय गौमाता!

-मेरा राजस्थान

१५ अगस्त को पुणे में भारतीय स्वतंत्रता दिवस पर झांकी का आयोजन होगा- मंजू अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मैं भारत हूँ फाउंडेशन

पुणे: भारत का एक राज्य महाराष्ट्र की सांस्कृतिक नगरी पुणे में स्थापित 'द पुणे मर्चेंट एसोसिएशन' के सभागार में अंतरराष्ट्रीय संगठन 'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन १२ अप्रैल २०२६ की संध्या ४:०० बजे किया गया था, कारण यह था कि ३० मार्च २०२६ को संस्थान द्वारा आयोजित ९वें वर्ष में प्रवेश करते हुए 'आपणों राजस्थान' की अपार सफलता के बाद संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार जैन मुंबई के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में विभिन्न राजस्थानी समाज के प्रभुत्व लगभग ६० प्रतिनिधियों ने भाग लिया और ३० मार्च को हुए सांस्कृतिक 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम की समीक्षा चर्चा की, सभी ने करतल ध्वनि से 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम की सफलता का स्वागत किया और जोरदार आवाज में कहा कि इसी प्रकार के कार्यक्रम 'पुणे' में आयोजित होते रहने चाहिए और एक पुणे समिति का भी गठन 'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' के वर्तमान में बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्षा श्याम प्रेमी मंजू जी अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया जाना चाहिए, जिसमें सभी भारतीय समाज की उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम श्रीमती गीता जयप्रकाश गोयल ने 'भारत' को केवल 'भारत' ही बोला जाए INDIA नहीं अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और अभियान को भरपूर समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। 'द पुणे मर्चेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष राजेंद्र भाटिया (उपाध्यक्ष 'राजस्थान फाउंडेशन' राजस्थान सरकार द्वारा संचालित) ने कहा कि पुणे में लगभग ८ लाख राजस्थानी विभिन्न संप्रदाय के निवासित हैं, उन सबके साथ मिलकर एक बड़ा समारोह का आयोजन हमें करना चाहिए, जिसमें सभी राजस्थानी धर्मावलंबी एक दूसरे से परिचित हों, साथ ही एक दूसरे की संस्कृति से संगठित होकर ओतप्रोत रहें। सकल जैन समाज के अध्यक्ष डॉ. अशोक पगारिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'राजस्थानी फेस्टिवल' का आयोजन विराट स्वरूप पुणे में हो, जिससे हम अपनी भारतीय राजस्थानी संस्कृति से पुणे के आवाम को परिचित करा सकें, क्योंकि हमारी राजस्थानी संस्कृति सभी का स्वागत करते हुए 'पधारो सा' का ही आह्वान करती है। पुणे के नगरसेवक प्रवीण चोरबले ने अपने वक्तव्य में कहा कि बहुत ही खुशी है कि आज मैं राजस्थानी महानुभावों के बीच बैठा हूं। आयोजित 'आपणों राजस्थान' कार्यक्रम में तो मैं उपस्थित नहीं हो पाया, पर मिली जानकारीनुसार कार्यक्रम अति भव्य हुआ, जिसके लिए मैं 'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' के पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ और यह भी कहता हूं कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम 'पुणे' में आयोजित होते ही रहना चाहिए, जिससे सभी भारतीयों की राजस्थानी संस्कृति से पहचान हो। पुणे में १५ अगस्त २०२६ को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर 'भारतीय सांस्कृतिक झांकी' का आयोजन किया जाए, जिसमें भारत के २९ राज्यों की संस्कृति का समावेश हो, जिसकी सफलता के लिए बैठक में उपस्थित उपस्थित पूर्णिमा लुणावत ने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी मैं सहर्ष पूरा करने का प्रयास करूंगी। उपस्थित महानुभावों ने 'जय भारत' का अंर्तनाद करते हुए कहा कि 'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' का आह्वान 'भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए' इंडिया नहीं व 'गौमाता बनें राष्ट्रमाता' अभियान की सफलता के लिए संस्थान के साथ हम पूणें निवासी वर्तमान में बनी 'मैं भारत हूँ' फाउंडेशन की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा श्याम प्रेमी मंजू अग्रवाल का भी करतलध्वनि से सम्मान किया और कहा कि मंजू जी! आप आगे बढ़ें हम सभी आपके साथ हैं।

-मैं भारत हूँ

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा

पधारो म्हारे देश

मेरा राजस्थान

सम्पादक : बिजय कुमार जैन

राजस्थानियों के विचारों के साथ समस्त राजस्थान समाज को एकजुट करने वाली एकमात्र पत्रिका

भारत को 'भारत' ही बोला जाए

राजस्थान का इतिहास
पहुँचाए आपके हाथ

मात्र रु. १००/- में, प्रति महिना

भारत का एक राज्य राजस्थान का एक नगर

1 प्रति ₹ 100/- **सोजत** 1 प्रति ₹ 100/-

के इतिहास की प्रति मंगवाने के लिए संपर्क करें:- 022-4015-8018

सम्पादक

बिजय कुमार जैन

उपसम्पादक
संतोष जैन 'विमल'

कार्यकारी सम्पादक
अनुपमा शर्मा (दाधीच)

पंजीकृत कार्यालय

बी-२१७, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत -४०० ०५९

दूरध्वनि: ०२२-४०१५ ८०९४ अणुडाक: mailgaylordgroup@gmail.com

विशेष छूट

विज्ञापन देने पर पूरे साल 'मेरा राजस्थान' पत्रिका मुफ्त

वार्षिक शुल्क १२००/-
आजीवन शुल्क ११,१११/-

भारत को 'भारत' ही बोला जाए

Remove 'INDIA' Name From The Constitution

RNI No. MAHHIN/ 2003/11570
Postal Registration No. MCN/113/2025-2027
WPP License No. MR/Tech/WPP-246/North/2025-27
License to post without prepayment'
Published on 28/04/2026 & Posting on 30th of every previous Month
at Marol Bazar Post Office, Mumbai - 400 059.



गेलार्ड पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक व प्रकाशक बिजय कुमार जैन द्वारा विनय ग्राफिक्स, युनिट नं 13, रवी इन्ड. को.-ऑप. सोसाइटी लि., 25 महल इन्ड ईस्टेट, महाकाली केव्हज रोड
अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400093 से मुद्रित करवाकर बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400 059 से प्रकाशित किया गया, टेलीफैक्स-022-4015 8094
अणुडाक - mailgaylordgroup@gmail.com अन्तरताना - www.merarajasthan.co.in